# छन्द

**1.** निम्नलिखित में से सम मात्रिक छंद का कौन–सा उदाहरण है?
(a) दोहा (b) सोरठा
(c) चौपाई (d) ये सभी

**2.** शिल्पगत आधार पर दोहे से उल्टा छंद है –
(a) रोला (b) चौपाई
(c) सोरठा (d) बरवै

**3.** सुनु सिय सत्य असीस हमारी।
पूजहिं मन कामना तुम्हारी।।
प्रस्तुत पंक्तियों में कौन–सा छंद है?
(a) बरवै (b) सोरठा
(c) दोहा (d) चौपाई

**4.** निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति कौ मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के मिटे न हिय कौ शूल।।
प्रस्तुत पंक्तियों में कौन–सा छंद है?
(a) सोरठा (b) दोहा
(c) रोला (d) हरिगीतिका

**5.** दोहे और रोले को क्रम से मिलाने पर कौन–सा छंद बनता है?
(a) हरिगीतिका (b) कुण्डलिया
(c) सवैया (d) बरवै

**6.** वीर या आल्हा किस जाति का छंद है?
(a) वर्णिक (b) मात्रिक
(c) मुक्त (d) इनमें से कोई नहीं

**7.** जिस छंद में वर्णिक या मात्रिक प्रतिबंध न हो, वह छंद क्या कहलाता है?
(a) वर्णिक छंद (b) मात्रिक छंद
(c) मुक्त छंद (d) इनमें से कोई नहीं

**8.** निराला की कविता 'जूही की कली' उदाहरण है –
(a) वर्णिक छंद का (b) मात्रिक छंद का
(c) मुक्त छंद का (d) इनमें से कोई नहीं

**9.** किस छंद में छः चरण होते हैं :
(a) बरवै (b) चौपाई
(c) सोरठा (d) छप्पय

**10.** मेरी भव बाधा हरो, राधा नागरि सोय।
जा तन की झाँई परे, श्याम हरित दुति होय।।
प्रस्तुत पंक्तियों में कौन–सा छंद है?
(a) सोरठा (b) चौपाई
(c) दोहा (d) बरवै

**11.** पवनतनय संकट हरन, मंगल मूरति रुप।
राम लखन सीता सहित हरस बसहु सुरभूप
प्रस्तुत पंक्तियों में कौन–सा छंद है?
(a) सोरठा (b) चौपाई
(c) दोहा (d) बरवै

**12.** जय हनुमान ग्यान गुन सागर,
जय कपीस तिहूँ लोक उजागर।।
प्रस्तुत पंक्तियों में कौन–सा छंद है?
(a) सोरठा (b) चौपाई
(c) दोहा (d) बरवै

**13.** बिनु पग चले सुने बिनु काना।
कर बिनु कर्म करे विधि नाना।।
प्रस्तुत पंक्तियों में कौन–सा छंद है?
(a) सोरठा (b) चौपाई
(c) दोहा (d) बरवै

**14.** ऊँ हनु हनु हनु हनुमंत हठीले।
बैरिहिं मारु बज्र की कीले।।
प्रस्तुत पंक्तियों में कौन–सा छंद है?
(a) सोरठा (b) चौपाई
(c) दोहा (d) बरवै

**15.** राम लखन सीता सहित हृदय बसहु सुर भूप।।
प्रस्तुत पंक्तियों में कौन–सा छंद है?
(a) सोरठा (b) चौपाई
(c) दोहा (d) बरवै

**16.** कोई भी छंद किससे विभक्त रहता है?
(a) चरणों में (b) यति में
(c) दोनों में ही (d) इनमें से कोई नहीं

**17.** छंद पढ़ते समय आने वाले विराम को क्या कहते हैं?
(a) गति (b) यति
(c) तुक (d) गण

**18.** 'छंद शास्त्र' के आदि प्रणेता थे –
(a) बिहारी (b) बाल्मीकि ऋषि
(c) पिंगलऋषि (d) केशवदास

**19.** छंद से संबंधित गणों की सही संख्या है –
(a) छः (b) सात
(c) आठ (d) दस

**20.** निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति कौ मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटै न हिय को शूल।।
इस पंक्तियों में कौन–सा छन्द है?
(a) दोहा (b) रोला
(c) चौपाई (d) बरवै

**21.** मंगल भवन अमंगल हारी।
द्रवहु सो दशरथ अजिर बिहारी।।
इस पंक्तियों में किस छन्द का प्रयोग हुआ है?
(a) दोहा (b) चौपाई
(c) सोरठा (d) सवैया

**22.** निम्न में से कौन वार्णिक छन्द है?
(a) दोहा (b) चौपाई
(c) सवैया (d) रोला

**23.** वार्णिक छन्दों में किसका विचार होता है?
(a) वर्ण का (b) मात्रा और वर्ण का
(c) मात्रा का (d) वर्ण की गुरुता का

**24.** 'रामचरितमानस' नामक महाकाव्य की रचना–शैली है –
(a) दोहा–चौपाई शैली (b) बरवै शैली
(c) मसनबी शैली (d) उपर्युक्त सभी

**25.** दोहे और रोले को क्रम से मिलाने पर कौन–सा छंद बनता है?
(a) हरिगीतिका (b) कुण्डलिया
(c) सवैया (d) बरवै

# ANSWER KEY

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (c) | 3. (d) | 4. (b) | 5. (b) | 6. (b) | 7. (c) | 8. (c) |
| 9. (d) | 10. (c) | 11. (c) | 12. (a) | 13. (b) | 14. (b) | 15. (c) | 16. (c) |
| 17. (b) | 18. (c) | 19. (c) | 20. (a) | 21. (b) | 22. (c) | 23. (a) | 24. (a) |
| 25. (b) | | | | | | | |

EduBull.com